मंज़ूरी | सितंबर में शुरू होगा मेट्रो-3 का पहला चरण, 98% काम हुआ कंप्लीट

कफ परेड से सीप्झ अब 55 मिनट में पहुंचेंगे

प्रिया पांडे@नवभारत

मुंबई. महाराष्ट्र की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो (मेट्रो 3) का पहला चरण (आरे से बीकेसी) सितंबर में जनता के लिए शुरू हो जाएगा. साथ ही दिसंबर तक पूरी लाइन (आरे- कफ परेड) का उद्घाटन भी किया जाएगा. इस बात की जानकारी राज्य सरकार ने राज्य कैबिनेट की बैठक में दी है. मिली जानकारी के अनुसार, मेट्रो 3 का काम 98% पूरा हो चुका है. मेट्रो-3 को जल्द शुरू करने के लिए राज्य सरकार ने 1163 करोड़ का हिस्सा एमएमआरडीए के बजाय एमएमआरसी को देने की मंजूरी दे दी है. इस परियोजना की संशोधित लागत 37 हजार 275 करोड़ 50 लाख रुपये है. इस बीच एमएमआरसी ने 'मेट्रो 3' लाइन पर युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया है. लगभग 33.5 किमी के विस्तार पर चरणों में काम किया जा रहा है. कारशेड के काम ने भी रफ्तार पकड़ ली है.

नरीमन पॉइंट, कफ परेड, फोर्ट शामिल

नया मेट्रो मार्ग 6 प्रमुख व्यवसाय और रोजगार केंद्रों से जुड़ा हुआ है, जिनमें नरीमन पॉइंट, कफ परेड, फोर्ट, लोअर परेल, बीकेसी और सीप्ज़/एमआईडीसी आदि शामिल हैं.

30 से अधिक मनोरंजन सुविधाएं आदि शामिल

मेट्रो-3 कफ परेड से सीप्ज तक का सफर 55 मिनट में तय करेगी. इसमें तीन से अधिक शैक्षणिक संस्थान, 13 अस्पताल, 14 धार्मिक स्थल और तीस से अधिक मनोरंजन सुविधाएं आदि शामिल हैं. मेट्रो लाइन कालबादेवी, गिरगांव, वर्ली जैसे अंतरराष्ट्रीय और घरेलू हवाई अड्डों को भी जोड़ती है,जो उपनगरीय रेल से नहीं जुड़े हैं. अन्य मेट्रो लाइनों, मोनोरेल, उपनगरीय रेल और एसटी बस सेवाओं के साथ मिलकर उपनगरीय रेल पर भीड़ 15 प्रतिशत कम होने का अंदाजा लगाया गया है.

RDSO ट्रायल हुआ पूरा : एमएमआरसी के अधिकारी ने बताया कि मेट्रो 3 के लिए रोलिंग स्टॉक के अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. रोलिंग स्टॉक का एकीकृत परीक्षण प्रगति पर है.

- मेट्रो-3 से दैनिक वाहन यात्राएं 6.65 लाख कम हो जाएंगी
- मेट्रो मार्ग से प्रतिदिन 3.54 लाख लीटर ईंधन की होगी बचत
- डाइऑक्साइड का उत्सर्जन होगा कम
- सड़क यातायात में 35 % आएगी कमी
- ध्वनि प्रदूषण भी होगा कम
- स्टेशन लाइन 3 के सबसे लंबे स्टेशनों में से एक है BKC
- मेट्रो 3 में मोबाइल इन्फ्रा सेवा प्रदान करेगा एसीईएस

पहले चरण के स्टेशन

आरे
सीप्झ
एमआईडीसी
मरोल नाका
सीएसएमआई T2
सहार रोड
सीएसएमआई T1
सांताक्रूज़
विद्यानगरी
बीकेसी

आरे से बीकेसी के बीच 8 स्टेशन होंगे

अधिकारी ने बताया कि कई समय सीमाएं चुकने के बाद, मेट्रो 3 कॉरिडोर के पहले चरण का संचालन सितंबर में शुरू होगा. इस खंड में आरे से बीकेसी के बीच कुल आठ स्टेशन होंगे, जबकि धारावी से वर्ली को जोड़ने वाले चरण में तीन स्टेशन होंगे और वर्ली से कफ परेड तक तीसरे चरण में 12 स्टेशन होंगे .यात्री भार के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए एमएमआरसीएल ने पहले ही बीकेसी और आरे के बीच मलबे से भरी बोरियों का परीक्षण शुरू कर दिया था .